16/02/2026

आकाशवाणी ईटानगर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में आयोजित एआई इम्पैक्ट समिट में दुनिया भर से आए विश्व नेताओं, उद्योग जगत के प्रतिनिधियों, नवाचारकर्ताओं, नीति-निर्माताओं, शोधकर्ताओं और तकनीक प्रेमियों का स्वागत किया। "सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय – सबका कल्याण, सबका सुख" विषय पर आधारित इस समिट में प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत मानव-केंद्रित प्रगति और समावेशी विकास के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता यानी AI के उपयोग के प्रति प्रतिबद्ध है। उन्होंने वैश्विक एआई परिवर्तन में भारत की नेतृत्वकारी भूमिका को रेखांकित करते हुए कहा कि एक दशमलव चार अरब देशवासियों की शक्ति, मजबूत डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना, सशक्त स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र और अत्याधुनिक शोध के बल पर भारत तकनीकी प्रगति के अग्रिम मोर्चे पर है।

0000000000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश के राज्यपाल, लेफ्टिनेंट जनरल रिटायर्ड के.टी. परनाइक ने राज्य वासियों विशेषकर वाङ्चो समुदाय को ऑड़िया त्योहार के अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं दीं हैं। उन्होंने कामना की कि यह त्योहार भावनात्मक संबंधों को मजबूत कर आपसी भाईचारे को बढावा दें और राज्य में शांति, खुशहाली एवं समृद्धी लेकर आएं।

अपने संदेश में राज्यपाल ने कहा कि यह त्योहार खुशी, करुणा और साझा मानवता का उल्लासपूर्ण प्रतिक हैं। इससे पहले, राज्यपाल ने कल असम के दिनजान में हेडक्वार्टर 2 माउंटेन डिवीजन में हुए दो दिवसिय संगोष्ठी में 'अरुणाचल प्रदेश - इंडियाज़ डायनामिक फ्रंटियर' में हिस्सा लिया।

0000000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश के उपमुख्यमंत्री चौना मेन द्वारा लोहित ज़िले के मेदो, में छप्पनवें तामला दू उत्सव में भाग लेते हुए कहा कि तेज़ी से आधुनिकीकरण के बावजूद, अरुणाचल प्रदेश की सामुदायिक परंपराएं समाज का मार्गदर्शण करती हैं। संस्कृति को विकास से जोड़ने की ज़रूरत पर ज़ोर देते हुए श्री मेन कहा कि अरुणाचल प्रदेश में बहुतायत में ऐतिहासिक और आध्यात्मिक स्‌थल मौजूद है। उन्होंने हेरिटेज साइट्स के संरक्षण के लिए राज्य सरकार की कोशिशों के बारे में कहा की, हेरिटेज सर्किट, ऐतिहासिक स्थलों, और प्रस्तावित वर्ल्ड वॉर-II म्यूज़ियम और उससे जुड़े रास्ते बनाने की योजनाएं तैयार की जा रहीं हैं।

0000000000000000000000

गृह राज्य मंत्री मामा नातुङ ने तेजू में आयोजित छप्पनवें छप्पनवें तामला दू महोत्सव 2026 के दौरान तराऑन (तावरॉ) मिश्मी भाषा में बच्चों के लिए छह चित्रात्मक शब्दावली पुस्तकों का विमोचन किया।

जिसका उद्देश्य समुदाय की मातृभाषा को संरक्षित और प्रोत्साहित करना है, ताकि नई पीढ़ी अपनी सांस्कृतिक विरासत से जुड़ी रहे।

0000000000000000000000

ईस्ट सियांग ज़िले में रहने वाले मिसिंग समुदाय द्वारा जनजाति का मुख्य पर्व आली-आये-लिगाङ गिदी का आयोजन ओयान बाने केबाङ द्वारा आयोजित किया जा रहा हैं। यह त्योहार असम के जोनाई की सीमा पर ओयान गांव स्थित बाबू ओइरम बोरी मेमोरियल कल्चरल ग्राउंड में गत रविवार से तीन दिनों आयोजित किया जा रहा हैं।

0000000000000000000000

ईस्ट सियांग जिले के रुक्सिन में पुलिस एवं प्रदर्शनकारियों की झड़प में दो पुलिस कांस्टेबल और एक CRPF अधिकारी घायल हुए। रविवार को निग्लोक स्थित इंडस्ट्रियल ग्रोथ सेंटर में सिलिकॉन फैक्ट्री के खिलाफ स्थानीय लोगों द्वारा विरोध प्रदर्शन के हिंसक होने के बाद तनाव बढ़ जाने के कारण ऐसी स्थिती उत्पन्न हुई। गांव के लोगों द्वारा हवा और पानी के प्रदूषण का हवाला देते हुए फैक्ट्री को दूसरी जगह स्थानांतरित करने की मांग कर रहे हैं।

0000000000000000000000

22वीं नेशनल माउंटेन बाइक साइक्लिंग चैंपियनशिप 2026 हाई-ऑक्टेन फाइनल एवं सभी कैटेगरी में शानदार प्रदर्शन के साथ समपन्न हुआ, जिसमें एंड्योरेंस, रफ़्तार और तकनीकी महारत का शानदार

समागम देखा गया। तमिलनाडु नौ स्वर्ण, पांच रजत और तीन कांस्य के साथ कुल सत्रह पदकों के साथ पदक तालीक में शिर्ष पर रहते हुए चैंपियनशिप का विजेता बना। वहीं महाराष्ट्र तीन स्वर्ण, दो रजत और तीन कांस्य सहित कुल आठ पदकों के साथ दूसरे स्थान पर रहा। आयोजक राज्य अरुणाचल प्रदेश ने भी साइक्लिंग प्रतिभा को दर्शाते हुए दो रजत पदक जीतकर अपनी बढत बनाई।

0000000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश के Rajiv Gandhi University के शिक्षा विभाग द्वारा विश्वविद्यालय परिसर के कन्वेंशन हॉल में “लिविंग वर्ल्ड– एजुकेशन ऑफ पास्ट, प्रेज़ेंट एंड फ्यूचर” विषय पर तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता एवं एनसीईआरटी, नई दिल्ली के पूर्व निदेशक प्रो. हृषिकेश सेनापति ने कहा कि शिक्षा व्यवस्था और नीतियों को हमारे गौरवशाली अतीत, वर्तमान और भविष्य के बीच सेतु का कार्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP) का पूर्ण क्रियान्वयन भारत को ‘विकसित भारत’ के लक्ष्य की प्राप्ति में सहायक होगा।

0000000000000000000000

अट्ठारह सौ पिछ्हत्तर के एंग्लो-वाङचो युद्ध के एक सौ इक्यावनवें वर्ष पूरे होने के अवसर पर रविवार को अरुणाचल प्रदेश के लोङदिङ ज़िले में ‘**रन फॉर आवर रूट्स, रेस फॉर आवर प्राइड**’ थीम के तहत एक

मैराथन का आयोजन किया गया। जिसमें राज्य के स्थानीय युवाओं, महिलाओं, छात्रों, समुदायिक नेता और असम राइफल्स के जवानों समेत करीब पांच सौ प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। यह मैराथन पांच एवं दस किलोमिटर की दो श्रेणी में आयोजिता की गई।

0000000000000000000000000